प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

15.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ आई टी यू के विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन–डब्ल्यू टी एस ए और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। आई टी यू के इतिहास में यह पहली बार होगा कि यह प्रतिष्ठित वैश्विक कार्यक्रम भारत और एशिया–प्रशांत क्षेत्र में हो रहा है। इस कार्यक्रम में दूरसंचार, डिजिटल और आईसीटी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 1 सौ 90 से अधिक देशों के तीन हजार से अधिक उद्योगपति, नीति निर्मातां और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होगें।

आपदा प्रबंधन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पालमपुर में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल का एक मुख्य प्रशिक्षण संस्थान खोला जाएगा। उन्होंने कल शिमला के गेयटी थियेटर में अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने की बढ़ती घटनाओं का पता लगाने के लिए शोध किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की आपदा से जानमाल के नुकसान को रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने माना कि जलवायु परिवर्तन भी बादल फटने की घटनाओं का एक मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं के कारणों का पता लगाने के लिए केंद्र सरकार को भी पत्र लिखा गया है और राज्य सरकार अपने स्तर पर भी कार्य कर रही है।

कुल्लू दशहरा

कुल्लू में इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान खेल उत्सव का भी शुभारंभ किया जाएगा। इसके अलावा टरेप बैंड और इंडोनेशिया का सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुति देगा। इस बीच कल दूसरी संध्या में अंतर्राष्ट्रीय कल्चरल परेड का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऐतिहासिक ढालपुर चौक से इसका शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मंच सांस्कृतिक आदान प्रदान के लिए सबसे बड़ा मंच है और इसके माध्यम से देश–विदेश की संस्कृति की झलक पूरी दुनिया देख रही है। इस दौरान 17 विदेश के और पांच राज्यों के 500 से अधिक कलाकारों ने अपने देश की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

विश्व छात्र दिवस

आज विश्व छात्र दिवस मनाया जा रहा है। 15 अक्टूबर को मनाया जाने वाला यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती का सम्मान करता है, जो शिक्षा में उनके योगदान और छात्रों को सशक्त बनाने में उनकी प्रेरणादायक भूमिका के लिए प्रसिद्ध हैं। इस वर्ष का थीम है। **छात्रों को परिवर्तन के एजेंट बनने के लिए सशक्त बनाना**–जिम्मेदारी, दृढ़ता और सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा की भूमिका पर जोर देता है। इस अवसर पर आज विश्व भर के शिक्षण संस्थानों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

योजनाएं

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों–बागवानों एवं दुग्ध उत्पादकों की आर्थिकी सुधारने के लिए नई योजनाएं चलाई जा रही है। ये जानकारी मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने कल बैजनाथ केसकड़ी में साढ़े 7 लाख की लागत से बने लोक सेवा केन्द्र का लोकार्पण करने के दौरान दी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सकडी में कार्यशाला का कार्य पूरा कर यहां कक्षाएं शुरू की जाएगी। इसके अलावा इस क्षेत्र में सोलर प्रोजेक्ट के लिए भी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है जिसका कार्य जल्द आरंभ कर दिया जाएगा।

उड़ान

भुंतर हवाई अड्डे से जयपुर के लिए हवाई उड़ानें शुरू हो गई हैं। जयपुर से कल भुंतर एयरपोर्ट पर एयरलाइंस की पहली उड़ान पहुंची, जिसके माध्यम से 56 यात्री कुल्लू आए। इसके अलावा भुंतर से भी 21 यात्री जयपुर के लिए रवाना हुए। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ये उड़ान शुरू होने से कुल्लू–मनाली में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। जनजातीय व ऊपरी क्षेत्रों में सुबह–शाम के तापमान में गिरावट जारी है। लाहौल–स्पीति और किन्नौर जिलों में न्यूनतम तापमान शून्य के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 20 अक्तूबर तक प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **शिमला में देश के सबसे लंबे रोपवे का रास्ता साफ, टेंडर को मंजूरी। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **शोघी टू शिमला 2026 तक बनेगा देश का सबसे लंबा रोपवे, लोगों को जाम से मिलेगा, समय भी बचेगा। आपका फैसला** का शीर्षक है **शिमला में बनने वाले 13.79 किलोमीटर लंबे रोपवे के निर्माण का रास्ता हुआ साफ।**

मंडी मस्जिद के अवैध निर्माण मामले में मुस्लिम पक्ष को मिला स्थगनादेश दैनिक जागरण की एक खबर है। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है **मंडी मस्जिद कथित अवैध निर्माण विवाद में मुस्लिम पक्ष को मिला स्टे।**

पंजाब केसरी, अमर उजाला और दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **पालमपुर में स्थापित होगा मुख्य एस डी आर एफ प्रशिक्षण संस्थान।**

दशहरे पर बद्दी की हवा हुई प्रदूषित शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है 100 से ऊपर रहा, एयर क्वालिटी इंडेक्स, दूसरे शहरों में नजर आया संतुलन।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार